जिलाधिकारी ने जी0आई0सी0 तिराहे के सौन्द्रयीकरण हेतु बनाये गए वर्टिकल गार्डेन का किया निरीक्षण

शाहजहांपुर (विधान केसरी)। जिलाधिकारी, प्रशासक इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा जी0 आई0 सी0 तिराहे के सौन्द्रयीकरण हेतु नगर निगम, षाहजहाँपुर द्वारा बनवाये जा रहें वर्टिकल गार्डेन का 27.10.2021 को निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी, प्रशासक द्वारा जी0 आई0सी0 तिराहे पर निर्मित कराये गये वर्टिकल गार्डेन को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की गई और कहा गया कि जी0आई0सी0 तिराहा का यह स्थान ब्लैक स्पॉट के रुप में जाना जाता था और यहाँ पर सड़क बहुत ही कम चौड़ी थी, जिससे यातायात में बाधा उत्पन्न होती थी। यातायात को सुगम बनाये जाने तथा शाहजहाँपुर के सौन्द्रयीकरण कराये जाने के उद्देष्य से इस सड़क को लगभग 08 मीटर चौड़ा कराकर इसके एक किनारे पर बर्टिकल गार्डेन का निर्माण कराया गया है। इसी रोड पर गुरुद्वारा भी है तथा एक सास्कृतिक मंच तक जाने का रास्ता भी है। शहर के लोगों तक नगर की खुबसूरती दिखाई दें और गंदगी न रहें इसके लिये इसे एक सेल्फी प्वांइट के रुप में विकसित किया गया है। जिलाधिकारी, प्रशासक द्वारा शीघ्र ही बर्टिकल गार्डेन का षुभारम्भ कराये जाने हेतु नगर आयुक्त संतोश कुमार षर्मा को निर्देशित किया गया।

निरीक्षण के समय जिलाधिकारी, प्रषासक इन्द्र विक्रम सिंह के साथ नगर आयुक्त संतोश कुमार षर्मा, पुलिस अधीक्षक एस0 आनन्द, मुख्य विकास अधिकारी ष्याम बहादुर सिंह, उपस्थित रहें।